एक नजर में



## नव्य उड़ान में सीखे सफलता के गुर

उज्जैन। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन नयापुरा महिला मंडल द्वारा राजेंद्र सभागृह में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नव्य उड़ान काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में बालिकाओं को जीवन में सही दिशा चुनने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम में समाज की 200 से अधिक महिलाओं व बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान प्रमुख काउंसलर अनमोल जैन ने बालिकाओं को शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत विकास से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने जीवन में सही दिशा चुनने और सर्वांगीण विकास के गुर सिखाए। मंडल पदाधिकारियों के अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को भविष्य के लिए सक्षम और जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन नयापुरा महिला मंडल अध्यक्ष नेहा संदेश बड़जात्या, सचिव प्रीति सोगानी और कोषाध्यक्ष सपना अजमेरा के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में निगम सभापति कलावती यादव और पार्षद सपना सांखला उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर संगीता सोगानी, स्नेहलता विनायका, प्रियंका विनायका और रूपल शाह मौजूद थीं। संचालन खुशबू बड़जात्या ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नयापुरा महिला मंडल की सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



## योग कर बावड़ी पर किया श्रमदान

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत पशुपतिनाथ मंदिर में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों और बालिकाओं ने योगाभ्यास करने के साथ ही वहां स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह आयोजन सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलेपमेंट कार्ड संस्था उज्जैन एवं सहयोगी संस्थाओं जन अभियान परिषद, देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति तथा देव संजीवन सामाजिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। योग प्रशिक्षक सुनीता त्यागी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में अजीता परमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शिव मालवीय, जय दीक्षित, अरुण व्यास, करुणा शितोले, कुलदीप राजपुरोहित, कार्ड संस्था उज्जैन से परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी, छवि कदम और राखी श्रीवास सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## पिता दिवस पर सजी काव्य गोष्ठी

उज्जैन। योग दिवस, विश्व संगीत दिवस और पिता दिवस के अवसर पर जवाहर नगर स्थित ट्रेजर बाजार की कार योगशाला में काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार योग शाला एवं विचार क्रांति साहित्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में शहर के नामचीन रचनाकारों ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी और वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी थे और अध्यक्षता वरिष्ठ मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. चौरसिया ने कहा कि तन से मन एवं आत्मा से परमात्मा के जुड़ाव की प्रक्रिया ही योग है। काव्य गोष्ठी में डॉ. विक्रम विवेक की पिता दिवस पर केंद्रित कविता को श्रोताओं ने खूब सराहा। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश चौरे, दिलीप जैन, तरुण उपाध्याय, दिनेश अनल, शुभम शर्मा डॉ. खुशबू बाफना, सुनीता राठौर, सखा पाहवा, लोकगायिका सुनीता गुंजन और नंदकिशोर पांचाल ने अपनी हिंदी व मालवी रचनाओं से खूब तालियां बटोरीं। आयोजन की सफलता पर जय चौहान, वीरेंद्र चौहान एवं आयुषी चौहान ने शुभकामनाएं देते हुए आभार माना। कार्यक्रम का संचालन विचार क्रांति साहित्य मंच के संयोजक अनिल पांचाल ने किया।

## वैश्विक नागरिकता तैयार करने का संकल्प

उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस और विद्यालय के स्थापना दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की आगामी पांच वर्षों के विकासात्मक रोडमैप की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की मुस्कान, ऊर्जा और नए सपनों से सराबोर दिखाई दिया। विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंड्या, डायरेक्टर राहुल पंड्या, अकादमिक डायरेक्टर सरोज वागले, उप-प्राचार्या पल्लवी दिवाकर एवं समन्वयकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में बी.के. पंड्या तथा विशेष अतिथि समाज सेविका, पूर्व सदस्य महिला एवं बाल विकास व पूर्व खाद्य आयोग सदस्य स्नेहलता उपाध्याय थीं। इस दूरदर्शी योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक रूप से ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल, संस्कार, नवाचार और वैश्विक नागरिकता के लिए भी तैयार करना है। यह जानकारी राखी मेहता ने दी।

# सीएम की सोच, उज्जैन करेगा अब नई खोज, जमीन की तलाश तेज

**डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर खुलेगा, इंदौर के सहयोग से होगा संचालन, प्रमुख सचिव ने स्थल का निरीक्षण**

**उज्जैन। धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ अब उज्जैन विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उज्जैन में प्रस्तावित डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्र शुरू करने के लिए स्थान चयन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।**

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेंद्रन ने रविवार को उज्जैन पहुंचकर संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी तथा आईआईटी इंदौर की टीम के साथ बैठक की। तारामंडल परिसर में आयोजित बैठक में सेंटर की स्थापना और इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



### मुख्यमंत्री की परिकल्पना होगी साकार

उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में उज्जैन को मेडिकल, साइंस और टेक्निकल एजुकेशन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उज्जैन में विकसित हो रही मेडी सिटी, साइंस सिटी और इंजीनियरिंग कॉलेज जैसी परियोजनाओं को जोड़ते हुए यहां एक मजबूत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाए। इसी दृष्टि से डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर को उज्जैन के भविष्य के ज्ञान, अनुसंधान और तकनीकी विकास के महत्वपूर्ण आधार के रूप में देखा जा रहा है।

### सेंटर के उपयुक्त स्थल का चयन कर रहे

सेंटर को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। इसके बाद अधिकारियों और विशेषज्ञों की टीम ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर की स्थापना तथा भविष्य में विकसित की जाने वाली साइंस सिटी से जुड़े आवश्यक कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

प्रदेश सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उज्जैन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। इसी कड़ी में आईआईटी इंदौर के सहयोग से डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहां अत्याधुनिक तकनीकों, अनुसंधान और नवाचार से जुड़े कार्य किए जाएंगे। धार्मिक नगरी के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध उज्जैन अब शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी नई उड़ान भरने की तैयारी कर रहा है। सेंटर से युवाओं को नवाचार के अवसर मिलेंगे।

# देवासरोड पर बाइक-डंपर में भिड़ंत, एक की मौत 2 घायल

**उज्जैन। सोमवार सुबह देवास रोड पर डम्पर और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार 1 युवक की मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद एक घायल और मृतक को चरक अस्पताल लाया गया था। एक को निजी अस्पताल ले जाया गया है।**

देवास रोड स्थित ग्राम नरवर में सुबह 10.30 बजे देवास की ओर से आ रहे डम्पर क्रमांक एमपी 04 झेडके 3751 ने अपनी रफ्तार की चपेट में बाइक सवार युवकों को ले लिया। दुर्घटना काफी भीषण थी। एक बाइक सवार युवक के दोनों पैर कटकर अलग हो गए जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक की पहचान धर्मेन्द्र पिता शंकरलाल 40 साल निवासी नरवर के रूप में हुई है। घायल रौशन पिता देवीलाल निवासी नरवर है। दुर्घटना में दूसरे घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया था जिसका नाम सामने नहीं आ पाया। बताया जा रहा है कि तीनों सेंटिंग का काम करते हैं और सुबह बाइक से साइड पर जाने के लिए निकले थे।

### 200 से 250 ग्रामीण ने किया चक्काजाम

जानकारी लगने और नरवर के युवकों की मौत होने पर ग्रामवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। 200 से 250 की संख्या में एकत्रित हो गए और चक्काजाम कर दिया। उनका कहना था कि वाहन चालक तेजगति से उज्जैन देवास के बीच दौड़ते रहते हैं। पूर्व में भी जान जाना सामने आ चुका है। बावजूद पुलिस और प्रशासन तेज गति से दौड़ते वाहनों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। चक्काजाम की जानकारी मिलने पर नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया और मौके से डम्पर को जब्त कर लिया।

### 14 साल की भांजी के साथ किया दुष्कर्म

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र की रहने वाली 14 साल की बालिका ने बीती शाम जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया जहां सामने आया कि मामा ने उसके साथ गलत काम किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामा को हिरासत में ले लिया है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 साल की बालिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने हालत गंभीर से उपचार के लिए भर्ती किया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। जहां जहर खाने का कारण पूछने पर मामला संगीन होना सामने आया। बालिका ने बताया कि मामा ने उसके साथ गलत काम किया है। परिवार को नहीं बताने की धमकी दे रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार मामला दर्ज कर मामा की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। जिसे हिरासत में ले लिया गया है बालिका की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बालिका की अस्पताल से छुट्टी होते ही न्यायालय में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# नीमनवासा की फैक्ट्री में गिरकर घायल हुए युवक की मौत

**उज्जैन। मक्सी रोड स्थित नीमनवासा फैक्ट्री में काम करने वाले युवक की गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्टहोगा।**

अतिरिक्त विश्वबैंक कॉलोनी में रहने वाला सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल नीमनवासा स्थित वेल्डिंग मशीन बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार सुबह फैक्ट्री में गिरने से वह घायल हो गया था। लेकिन फैक्ट्री में काम करने वाले और मालिक द्वारा परिवार को सूचना नहीं दी गई और उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से दूसरे अस्पताल ले जाया गया। वहां भी डॉक्टरों ने रैफर कर दिया। फैक्ट्री मालिक घायल कर्मचारी सुनील को चार अस्पताल लेकर घूमा और फिर निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। सुनील के घायल होने के पांच घंटे बाद परिजनों को सूचना दी गई। उपचार के दौरान रविवार देर शाम उसकी मौत हो गई। पंवासा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। इस दौरान सामने आया कि सीढ़ियों से गिरने पर घायल हुआ था। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई मनोज ने आरोप लगाया कि सुनील की मौत फैक्ट्री मालिक की लापरवाही की वजह से हुई है। यह हादसा नहीं हत्या है। पुलिस ने परिवार को निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपा है।

# शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर ठगे 10 .90 लाख

- तमिलनाडू सहित अन्य राज्यों के
- खातों में राशि का ट्रांजेक्शन कराया

उज्जैन। शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर साफ्टवेयर इंजीनियर के साथ शातिर बदमाशों द्वारा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराकर 10.90 लाख की ठगी कर ली। बदमाशों ने तमिलनाडू सहित अन्य राज्यों के खातों में राशि का ट्रांजेक्शन कराया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि विवेकानंद कालोनी में रहने वाले विकास पिता राजकुमार त्रिवेदी बैंगलूर की हेल्थ केयर कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। अप्रैल माह में शेयर मार्केट में इंवेस्ट के लिये उन्होंने जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एक कंपनी से उनका संपर्क हुआ। ऑनलाइन और मोबाइल पर जानकारी लेने पर उन्हें बताया कि मुनाफा सौ प्रतिशत होगा। लेकिन मुनाफे में से 40 प्रतिशत कंपनी को देना होगा। 60 प्रतिशत तुम्हे मिलेगा। विकास त्रिवेदी बातों में आ गये और इवेंटमेंट शुरू कर दिया। शुरुआती दिनों में उन्हें मुनाफा मिला, जो प्राप्त हुआ। तथाकथित शेयर मार्केट कंपनी उनसे अलग-अलग खातों में ट्रांजेक्शन करने लगी। विकास त्रिवेदी ने अप्रैल से मई माह के बीच 10 लाख 90 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया। बड़ी राशि हाथ लगते ही मुनाफा देने वालों से संपर्क बंद कर दिया। उनके खाते में 60 प्रतिशत राशि आना भी बंद हो गई। अपने साथ धोखाधड़ी का आभास होने पर उन्होने मामले की शिकायत थाने आकर दर्ज कराई। प्रारंभिक जानकारी के बाद सामने आया कि कुछ राशि तमिलनाडू के खाते में गई है। वहीं शेष राज्य अन्य राज्यों में संचालित बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। जिसकी जानकारी बैंकों के माध्यम से प्राप्त कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जायेगा। शेयर मार्केट के नाम होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक करने के साथ सर्तक कर रहा है, बावजूद लोग मुनाफे के लालच में जमापूंजी गवां रहे है।

### हिरासत में आते ही उतरी युवक की आशिकी

उज्जैन। घट्टिया तहसील के सलामता में रहने वाले गोविंद पिता रघुनाथ की पुलिस हिरासत में आते ही एकतरफा आशिकी उतर गई। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि आरोपित ग्राम झीतरखेड़ी में रहने वाली युवती के साथ पढ़ाई करता था। युवती ग्रेज्युशन करने के लिये बाहर चली गई। गोविंद जेसीबी चलाने लगा। ग्रेज्युशन के बाद युवती की परिवार ने विजयागंजमंडी में शादी कर दी। लेकिन एकतरफा आशिकी में डूबे गोविंद की हरकते कम नहीं हुई। उसने युवती को फोन कॉल कर परेशान करना शुरू कर दिया। मायके आने पर उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। यहीं नहीं कुछ दिन पहले उसने युवती के घर पथराव भी कर दिया था। युवती के परिवार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सलामता में दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया।

# माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय में बना प्रदेश का पहला शंकु यंत्र

**उज्जैन। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर प्रदेश का पहला ऐसा विद्यालय बन गया है, जहां खगोलीय घटनाओं को समझने के लिए शंकु यंत्र का निर्माण किया गया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस यंत्र के माध्यम से शून्य छाया दिवस के अद्भुत खगोलीय घटनाक्रम को प्रत्यक्ष रूप से जाना।**



डोंगला वेधशाला से आए विशेषज्ञ घनश्याम रतनानी ने विद्यालय में बने शंकु यंत्र के माध्यम से बच्चों को बताया कि 21 जून को सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा पर लंबवत होता है। उज्जैन कर्क रेखा के नजदीक स्थित है, इसलिए 21 जून को स्थानीय समय दोपहर 12 बजे और भारतीय मानक समय के अनुसार 12 बजकर 28 मिनट पर सूर्य के बिल्कुल ऊपर (लंबवत) होने के कारण परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो जाती है। इसी विशेष स्थिति को शून्य छाया दिवस कहा जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि 21 जून को 13 घंटे 34 मिनट का दिन और 10 घंटे 26 मिनट की रात्रि होती है। आयोजन के दौरान पालक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री श्याम जी अग्रवाल, अंकित शर्मा, विवेकानन्द व्यास सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे और उन्होंने शंकु यंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से देखा।

### खगोलीय स्थितियों का अवलोकन होगा

विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि परिसर में इस शंकु यंत्र का निर्माण श्री रतनानी के मार्गदर्शन में ही किया गया है। भूगोल विषय के वरिष्ठ शिक्षक निरंजन कुमार बेलिया ने बताया कि इस यंत्र की मदद से विद्यार्थी अब किताबी ज्ञान के अलावा सूर्य का उत्तरायण व दक्षिणायन होना तथा कर्क और मकर रेखा आदि खगोलीय स्थितियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकेंगे।

# जल भराव पर नगर निगम टीम अलर्ट मोड में रहे

उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा हनुमान नाके से हरिफाटक ब्रिज मार्ग तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण सोमवार को बारिश के दौरान किया गया हनुमान नाके से हरिफाटक मार्ग तक 400 मीटर लंबाई के साथ 18 मीटर चौड़ाई कुल लागत 6.51 लाख से चौड़ीकरण मार्ग प्रस्तावित है। चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत 200 मीटर में दोनों साइड पर नाली निर्माण एवं विद्युत पोल का कार्य पूर्ण किया गया है साथ ही पेयजल पाइप लाइन का कार्य प्रचलित है। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा मार्ग चौड़ीकरण के अंतर्गत हनुमान नाके चौराहे की मार्किंग कार्य एवं मार्ग के शेष मकान को हटाने के पश्चात नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश उपयंत्री एवं सम्बन्धित ठेकेदार को दिए। निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी प्रचलित चौड़ीकरण कार्यों में बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित जोनल अधिकारी, उपयंत्री, सहायक यंत्री अलर्ट मोड पर रहे, बारिश के दौरान सुरक्षा के साथ मार्ग पर मौजूद मलबा एवं जल भराव का त्वरित निराकरण करें, वर्षाकाल में मार्ग में मौजूद मलबा को हटाकर नालियों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री गायत्री प्रसाद देहरिया, आर्किटेक्ट आकाशजी एवं ठेकेदार कंसल्टेड मौजूद रहे।

एक नजर में

**दुरुपयोग रोकने के लिए मंदिर समिति सख्त, प्रोटोकॉल कोटे पर भी नियम**

# भस्मारती में अब एक मोबाइल नंबर से 3 माह में एक बार अनुमति

**उज्जैन। महाकाल की विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती में अब पहले आओ-पहले पाओ की जगह हर 3 माह ( 90 दिन ) में एक बार का नियम लागू हो गया है। मंदिर समिति ने दुरुपयोग और शिकायतों के चलते यह व्यवस्था हाल ही लागू कर दी है।**

यह नियम प्रोटोकॉल के माध्यम से आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं पर भी समान रूप से लागू होगा। अभी तक प्रोटोकॉल के जरिए कुछ लोग हर माह आरती का लाभ ले रहे थे। जो अब संभव नहीं होगा। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने चर्चा में बताया कि यह प्रावधान वैसे तो पहले से ही अस्तित्व में था, लेकिन अब इसे और सख्ती से लागू किया जा रहा है। सिस्टम में एक बार जिस मोबाइल नंबर का उपयोग भस्म आरती बुकिंग के लिए हो जाएगा, उस नंबर से अगली बुकिंग 90 दिन के बाद यानी 3 माह के बाद ही की जा सकेगी।

**दस महाविद्या मंदिर में हुई माँ धूमावती की पूजा**-ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी पर सोमवार को मां धूमावती की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित प्रसिद्ध बगलामुखी धाम दस महाविद्या मंदिर में मां धूमावती की विशेष पूजा-अर्चना भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में की गई। योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां का अभिषेक पूजन किया। सुबह से मां धूमावती के दरबार मे पंडितों द्वारा विशेष अनुष्ठान व श्रृंगार किया गया। शाम को ढोल-नगाड़ों से महाआरती की गई। जिसमें संत, महंत और भक्त सहित 101 बटुक मुख्य रूप से शामिल हुवे। दिनभर मंदिर में दर्शन का सिलसिला चला। भक्तों को प्रसादी का वितरण भी किया गया।



### श्रद्धालू ने 50 हजार दान दिये

महाकाल दर्शन के लिए आए उत्तर प्रदेश कानपुर के श्रद्धालु अभिषेक बाजपेयी ने सोमवार को मन्दिर की व्यवस्थाओं से अत्यन्त प्रसन्न होकर मन्दिर की आईटी शाखा को कैमरे आदि सामग्री हेतु 50 हजार की राशि दान की। मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने दानदाता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साहित्यकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी का किया सम्मान

- शिप्रा-गंगा-नर्मदा महोत्सव के
- समापन पर आयोजन

उज्जैन। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज सिंहपुरी ने शिप्रा-गंगा-नर्मदा महोत्सव के समापन अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी को पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. जोशी को यह अभिनंदन उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पं. व्यास की पुण्यतिथि पर ब्रह्मभोज कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी, पार्षद माया त्रिवेदी, पार्षद पं. अर्पित दुबे, पं. गिरीश शास्त्री, पं. योगेश शर्मा और पं. राजशेखर व्यास उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर पं. व्यास के जीवन पर प्रकाश डाला।



### आयोजन में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। अध्यक्षता पं. राजेश व्यास ने की तथा संचालन पं. गौरव उपाध्याय ने किया। आयोजन में पं. रविशंकर शुक्ल, पं. यशवंत व्यास, पं. पंकज दुबे, पं. कपिल व्यास, पं. यश जोशी, डॉ. विवेक चौरसिया, पं. महेन्द्र उपाध्याय, पं. प्रतीक जोशी, शीला जोशी, तरुणा जोशी सहित कई गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।